# भूदान-ग्रामदान आंदोलन

## प्रलिम्सि के लयि:

**वनिोबा भावे, महात्मा गांधी, स्वतंत्रता संग्राम, अहसिा का दर्शन, स्वशासन।**

## मेन्स के लयि:

भूदान-ग्रामदान आंदोलन और स्वतंत्रता के बाद इसका प्रभाव।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में महाराष्ट्र के एक गाँव ने ग्रामदान अधनियिम को लागू करने की मांग को लेकर बंबई उच्च न्यायालय का रुख कयिा।

## ग्रामदान:

- **भूदान आंदोलन:**
  - **पृष्ठभूमि:**
    - यह भारत में वर्ष 1951 में **वनिोबा भावे** द्वारा शुरू कयिा गया एक सामाजकि- राजनीतकि आंदोलन था।
    - वनिोबा भावे, **महात्मा गांधी** के शष्यि थे, जन्हिें **गांधीजी ने पहले व्यक्तगित सत्याग्रही के रूप में चुना** और **उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम** में सक्रयि रूप से भाग लयिा।
    - स्वतंत्रता के बाद उन्होंने महसूस कयिा कि भूमहीन का मुद्दा ग्रामीण भारत के सामने एक बड़ी समस्या है और वर्ष 1951 में उन्होंने **भूदान आंदोलन या भूमि उपहार आंदोलन** शुरू कयिा।
  - **उद्देश्य:**
    - उनका उद्देश्य **धनी ज़मींदारों को भूमहीन कसिानों को अपनी भूमि का एक हस्सिा दान करने के लयि** राजी करना था।
    - जब भावे ने गाँव-गाँव घूमकर **ज़मींदारों से अपनी ज़मीन दान करने** का अनुरोध कयिा तो आंदोलन को गति मलिी।
    - भावे का दृष्टकिोण **अहसिा के दर्शन** में नहिति था तथा उनका यह वचिार था कि भू-स्वामयिों को गरीबों हेतु करुणा एवं सहानुभूति के साथ अपनी भूमि दान करनी चाहयि।
- **ग्रामदान आंदोलन:**
  - **भूदान आंदोलन का अगला चरण ग्रामदान आंदोलन या ग्राम उपहार आंदोलन** था।
  - इसका उद्देश्य भूमि के सामूहकि स्वामति्व के माध्यम से आत्मनर्भिर गाँव बनाना था।
  - ग्रामदान आंदोलन के तहत ग्रामीणों से आग्रह कयिा गया कि वे अपनी **भूमि एक ग्राम परषिद को दान करें, जो ग्रामीणों को भूमि का प्रबंधन एवं वतिरण करेगी।**
  - इस आंदोलन को **कई राजनीतकि नेताओं का समर्थन मलिा** तथा इसे ग्रामीण भारत में **भूमि के असमान वतिरण की समस्या के समाधान के रूप में देखा गया।**
- **आंदोलन का महत्त्व:**
  - यह आंदोलन भारत के कई हस्सिों में सफल रहा, **हज़ारों एकड़ भूमि ज़मींदारों द्वारा दान की गई।**
  - भूदान-ग्रामदान आंदोलन का भारतीय समाज एवं राजनीति पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ा, इसने **भूमहीनता की स्थति को कम करने, भूमि का अधकि समान वतिरण करने** तथा **आत्मनर्भिरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण समुदायों के सशक्तीकरण में मदद** की।
  - इसने **समुदाय में सभी को समान अधकिार एवं ज़म्मिेदारयिाँ** देकर तथा समुदायों को **स्वशासन** की ओर बढ़ने हेतु सशक्त बनाकर **प्राकृतकि संसाधनों के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त कयिा।**
- **कमयिाँ:**
  - **यह दान की गई भूमयिा तो अनुपजाऊ या मुकदमेबाज़ी के अधीन होती थी।**
    - साथ ही भूमि के बड़े क्षेत्रों को दान कयिा गया था, जबकि भूमहीनों के बीच बहुत कम वतिरति कयिा गया था।
  - **यह उन क्षेत्रों में सफल नहीं हुआ जहाँ भूमि जोत में असमानता थी।**
  - साथ ही यह आंदोलन अपनी क्रांतकिारी क्षमता को उजागर करने में भी वफिल रहा।

## ग्रामदान अधिनियिम का वर्तमान परदिृश्य:

- **वभिनि्न राज्यों में ग्रामदान अधनियिम:**
    - वर्तमान में भारत के सात राज्यों में **3,660 ग्रामदान गाँव हैं,** जनिमें से सबसे अधकि ओडशिा (1309) में हैं।
        - अन्य छह राज्य आंध्र प्रदेश, बहिार, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमलिनाडु और उत्तर प्रदेश हैं।
    - सतिंबर 2022 में असम सरकार ने राज्य में दान की गई भूमि पर अतकि्रमण का सामना करने हेतु **असम भूमि एवं राजस्व वनियिमन (संशोधन) वधियक, 2022 पारति करके असम ग्रामदान अधनियिम, 1961 तथा असम भूदान अधनियिम, 1965** को नरिस्त कर दयिा।
        - उस समय तक असम में 312 ग्रामदान गाँव थे।
- **ग्रामदान अधनियिम की कुछ सामान्य वशिषताएँ:**
    - गाँव के कम-से-कम 75% भूस्वामयिों को ग्राम समुदाय को भूमि का स्वामतिव प्रदान करना देना चाहयि। ऐसी भूमि गाँव की कुल भूमि का कम-से-कम 60% होनी चाहयि।
    - दान की गई भूमि का 5% खेती के लयि गाँव में भूमहिीनों में वतिरति कर दयिा जाता है।
        - ऐसी भूमि प्राप्तकर्त्ता **समुदाय की अनुमति के बनिा उसे हस्तांतरति नहीं** कर सकते।
    - शेष भूमि दाताओं के पास रहती है; वे और उनके वंशज इसका उपयोग कर सकते हैं।
        - हालाँकि वे इसे गाँव के बाहर अथवा गाँव में कसिी ऐसे व्यक्ति को नहीं बेच सकते हैं जो ग्रामदान में शामलि नहीं हुआ है।
    - ग्रामदान में शामलि सभी काश्तकारों को अपनी आय का 2.5% हस्सिा समुदाय हेतु देना अपेक्षति है।
- **चतिाएँ:**
    - मुख्य रूप से **कानून के खराब कार्यान्वयन के कारण** कई गाँवों में इस अधनियिम की प्रासंगकिता खत्म हो गई है।
    - ग्रामदान के तहत कुछ गाँवों में अपनी ज़मीन देने वालों के वंशज नरिाश हैं कि वे गाँव के बाहर अपनी ज़मीन नहीं बेच सकते हैं और **उनके अनुसार यह अधनियिम 'वकिास वरिोधी' है।**

## वन संरक्षण में इस अधनियिम का महत्त्व:

- ग्रामदान अधनियिम स्थानीय समुदायों को वनों सहति उनके प्राकृतकि संसाधनों पर नयिंत्रण करने के लयि सशक्त बनाकर **सामुदायकि वन अधकिार सुनशि्चति करने में मदद कर सकता है।**
- ग्रामदान अधनियिम के तहत भूमि और अन्य संसाधन समुदाय में नहिति हैं, जसिका अर्थ है कि **समुदाय के पास यह नरि्णय लेने की शक्ति है** कि इन संसाधनों का उपयोग और प्रबंधन कैसे कयिा जाता है और इस प्रकार उन्हें वन प्रबंधन तथा उनके सतत उपयोग से लाभ मलिता है।
- सामुदायकि वन अधकिारों के संदर्भ में ग्रामदान अधनियिम समुदायों को वन भूमि और संसाधनों पर **अधकिारों का दावा करने के लयि एक कानूनी ढाँचा प्रदान** कर सकता है।

### UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. 'व्यक्तगित सत्याग्रह' में वनिोबा भावे को पहले सत्याग्रही के रूप में चुना गया था। दूसरा कौन था? (2009)**

(a) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(b) पंडति जवाहरलाल नेहरू
(c) सी. राजगोपालाचारी
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**उत्तर: (b)**

---

***??????:***

**प्रश्न. आचार्य वनिोबा भावे के भूदान और ग्रामदान आंदोलनों के उद्देश्यों की समालोचनात्मक ववेचना कीजयि और उनकी सफलता का आकलन कीजयि। (2013)**

**स्रोत: डाउन टू अर्थ**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhoodan-gramdan-movement